Q.91 Anil has ₹1,248. He divided it between his sons Ashok and Raj and asked them to invest it at 8% per annum compound interest. It was observed that Ashok and Raj receive equal amounts after 16 and 17 years respectively. Find the amount (in ₹) given by Anil to Raj.

अनिल के पास ₹1,248 हैं। उसने इसे अपने बेटों अशोक और राज के बीच बांट दिया और उन्हें 8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि अशोक और राज को क्रमशः 16 और 17 वर्षों के बाद समान राशि प्राप्त होती है। अनिल द्वारा राज को दी गई राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

(1) 648
(2) 748
(3) 450
(4) **600 ✔**

Q.92 A man buys 12 identical articles for a total of ₹16. If he sells each of them for ₹2.6, then his profit percentage will be _____%.

एक आदमी 12 समान वस्तुएँ कुल ₹16 में खरीदता है। यदि वह उनमें से प्रत्येक को ₹2.6 में बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत _____% होगा।

(1) 49.72
(2) 48.72
(3) **95 ✔**
(4) 96

Q.93 Pipe A can fill a tank in 19 hours, pipe B can fill the same tank in 25 hours and pipe C can fill the same tank in 15 hours. If all the pipes are opened together, how much time will it take to fill the same tank?

पाइप A एक टैंक को 19 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 25 घंटे में भर सकता है औरपाइप C उसी टैंक को 15 घंटे में भर सकता है। यदि सभी पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए तोउसी टैंक को भरने में कितना समय लगेगा?

(1) 5 63/227 hours / 5 63/227 घंटे
(2) 8 63/227 hours / 8 63/227 घंटे
(3) 7 63/227 hours / 7 63/227 घंटे
(4) **6 63/227 hours / 6 63/227 घंटे ✔**

Q.94 Find the area (in cm^2) of an equilateral triangle with side 47 cm.

47 cm भुजा वाले समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

(1) **2209√3/4 ✔**
(2) 2209√3/3
(3) 2209√3/6
(4) 2209√3/2

Q.95 A shopkeeper marks the price of a fan 60% above its cost price and allows a discount of 35% on it. If he makes a profit of ₹73, what is the marked price (in ₹) of the fan?

एक दुकानदार किसी पंखे पर उसके क्रय मूल्य से 60% अधिक मूल्य अंकित करता है और उस पर 35% की छूट देता है। यदि उसे ₹73 का लाभ होता है, तो पंखे का अंकित मूल्य (₹ में) कितना है?

(1) 2,920 ✔

(2) 3,151

(3) 2,953

(4) 3,161

Q.96 After a 75% decrease in the original cost price, the reduced cost price of an article is ₹1,040. Find the original cost price (in ₹) of the article.

वास्तविक क्रय मूल्य में 75% की कमी के बाद, किसी वस्तु का कम हुआ क्रय मूल्य ₹1,040 है। वस्तु का वास्तविक क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

(1) 2,466

(2) 4,160 ✔

(3) 780

(4) 260

Q.97 If ₹694 is distributed among 299 children in such a way that each girl and each boy gets ₹3 and ₹2 respectively, then find the number of boys.

यदि ₹694 को 299 बच्चों में इस प्रकार से बाँटा जाता है कि प्रत्येक लड़की और प्रत्येक लड़के को क्रमशः ₹3 और ₹2 प्राप्त होते हैं, तो लड़कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

(1) 163

(2) 183

(3) 223

(4) 203 ✔

Q.98 A and B start a 100 m long race. A runs at a speed of 10 m/s and B runs at a speed of 8 m/s. How much head start (in metres) should be given to B so that both finish the race at the same time?

A और B, 100 m लंबी एक दौड़ प्रारंभ करते हैं। A, 10 m/s की चाल से और B, 8 m/s की चाल से दौड़ता है। B को कितनी बढ़त (मीटर में) दी जानी चाहिए, ताकि दोनों एक ही समय पर दौड़ पूरी करें?

(1) 10 m

(2) 20 m ✔

(3) 25 m

(4) 15 m

Q.99 A cylindrical roller made of iron is 2 m long; its internal diameter is 14 cm and its thickness all round is 7 cm. Find the volume of iron used in the roller. (Use π = 22/7)

लोहे से बना एक बेलनाकार रोलर 2 m लंबा है; इसका आंतरिक व्यास 14 cm है और इसकी चारों ओर की मोटाई 7 cm है। रोलर में प्रयुक्त लोहे का आयतन ज्ञात कीजिए। (π = 22/7 का उपयोग कीजिए)

(1) 92399 cm^3

(2) 92402 cm^3

(3) 92400 cm^3 ✔

(4) 92401 cm^3

Q.100 Find the value of $\sqrt[3]{(5832)}/\sqrt[4]{(1296)} \times 3/54 \times 48$.

$\sqrt[3]{(5832)}/\sqrt[4]{(1296)} \times 3/54 \times 48$ का मान ज्ञात कीजिए।

(1) 2

(2) 17

(3) 8 ✔

(4) 16

English

Q.101 Which poem of Shelley begins with the dramatic declaration, "Swift as a spirit hastening to his task / Of glory & of good, the Sun sprang forth"?

शेली की कौन-सी कविता इस नाटकीय उद्घोषणा से आरंभ होती है, "Swift as a spirit hastening to his task / Of glory & of good, the Sun sprang forth"?

(1) The Triumph of Life

(2) Alastor

(3) The Revolt of Islam

(4) Prometheus Unbound ✔

Q.102 What does the following line from "When I consider how my light is spent," imply?

"When I consider how my light is spent," की निम्नलिखित पंक्ति का क्या आशय है?

(1) Milton is praising servants who stand and wait for their masters at royal courts. / मिल्टन उन सेवकों की प्रशंसा कर रहे हैं जो शाही दरबारों में अपने स्वामियों के लिए खड़े रहकर प्रतीक्षा करते हैं।

(2) Milton suggests that even those who cannot see can serve the monarch through their loyalty and steadfast devotion. / मिल्टन सुझाव देते हैं कि जो देख नहीं सकते, वे भी अपनी निष्ठा और अटल भक्ति के माध्यम से सम्राट की सेवा कर सकते हैं।

(3) Even those who are unable to take active roles in life or perform visible deeds can still serve God faithfully — through patience, acceptance, and steadfast devotion. / जो लोग जीवन में सक्रिय भूमिका निभाने या दृश्यमान कार्य करने में असमर्थ हैं, वे भी धैर्य, स्वीकृति और अटल भक्ति के माध्यम से ईश्वर की निष्ठापूर्वक सेवा कर सकते हैं। ✔

(4) The line means that people should not take any action because waiting is always better than doing. / इस पंक्ति का अर्थ है कि लोगों को कोई कार्य नहीं करना चाहिए क्योंकि प्रतीक्षा करना हमेशा कुछ करने से बेहतर है।

Q.103 Which of the following best describes modernist narrative structure?

निम्नलिखित में से कौन-सा आधुनिकतावादी (modernist) कथा संरचना का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

(1) Chronological and coherent / कालानुक्रमिक और सुसंगत

(2) Didactic and moralistic / उपदेशात्मक और नैतिकतावादी

(3) Fragmented and nonlinear / खंडित और अरेखीय ✔

(4) Omniscient and unrealistic / सर्वज्ञ और अयथार्थवादी

Q.104 Which shared contribution of Chaucer and Spenser most influenced the development of English poetry?

चॉसर और स्पेंसर के किस साझा योगदान ने अंग्रेज़ी कविता के विकास को सबसे अधिक प्रभावित किया?

(1) Their depiction of medieval court politics / मध्ययुगीन दरबारी राजनीति का उनका चित्रण

(2) Their interest in translation of classical Latin texts / शास्त्रीय लैटिन ग्रंथों के अनुवाद में उनकी रुचि

(3) Their use of the English vernacular and moral allegory / अंग्रेज़ी देशज भाषा (vernacular) और नैतिक रूपक (moral allegory) का उनका प्रयोग ✔

(4) Their focus on scientific and philosophical prose / वैज्ञानिक और दार्शनिक गद्य पर उनका ध्यान

Q.105 In which of the following poems does P. B. Shelley most explicitly explores his belief in the regenerative power of art and imagination as a means to reform human consciousness rather than merely political structures?

निम्नलिखित में से किस कविता में पी. बी. शेली ने मानव चेतना में सुधार के साधन के रूप में, न कि केवल राजनीतिक संरचनाओं में सुधार के साधन के रूप में, कला और कल्पना की पुनर्जीवनकारी शक्ति में अपने विश्वास का सबसे स्पष्ट रूप से अन्वेषण किया है?

(1) Queen Mab

(2) Adonais

(3) The Mask of Anarchy

(4) Ode to the West Wind ✔

Q.106 Which of the following lines from 'Ode to the West Wind' most clearly reflects Shelley's fusion of natural imagery with a political and prophetic voice?

'Ode to the West Wind' की निम्नलिखित में से कौन-सी पंक्ति प्राकृतिक बिंबों के साथ राजनीतिक और भविष्यसूचक स्वर के शेली के सम्मिश्रण को सबसे स्पष्ट रूप से दर्शाती है?

(1) "If I were a dead leaf thou mightest bear..." ✔

(2) "The mind-forg'd manacles I hear."

(3) "Better to reign in Hell than serve in Heaven."

(4) "A thing of beauty is a joy forever."

Q.107 Which of the following is NOT a distinctive feature of modernist poetry in English literature?

निम्नलिखित में से कौन-सी अंग्रेज़ी साहित्य में आधुनिकतावादी कविता की विशिष्ट विशेषता नहीं है?

(1) Psychological interiority / मनोवैज्ञानिक आंतरिकता

(2) Linear narration / रेखीय वर्णन ✔

(3) Stream of consciousness / चेतना प्रवाह (Stream of consciousness)

(4) Fragmentation and symbolism / खंडन और प्रतीकवाद

Q.108 Which of the following best expresses the central theme of John Milton's Lycidas?

निम्नलिखित में से कौन-सा जॉन मिल्टन की Lycidas के केंद्रीय विषय को सर्वोत्तम रूप से व्यक्त करता है?

(1) The political instability of seventeenth-century England / सत्रहवीं शताब्दी के इंग्लैंड की राजनीतिक अस्थिरता

(2) The corruption and greed of the contemporary clergy / समकालीन पादरी वर्ग का भ्रष्टाचार और लालच

(3) The transience of earthly fame and the hope of heavenly reward / सांसारिक प्रसिद्धि की क्षणभंगुरता और स्वर्गिक पुरस्कार की आशा ✔

(4) The decline of morality and order in England during the Restoration / रेस्टोरेशन के दौरान इंग्लैंड में नैतिकता और व्यवस्था का पतन

Q.109 Which statement most accurately captures Chaucer's metrical innovation in Middle English prosody?

कौन-सा कथन मध्य अंग्रेज़ी छंदशास्त्र में चॉसर के छंदगत नवाचार को सबसे सटीक रूप से व्यक्त करता है?

(1) He helped standardize iambic pentameter, adapting French syllabic metre to English phonology. / उन्होंने फ्रांसीसी अक्षरात्मक छंद (syllabic metre) को अंग्रेज़ी ध्वनि-विज्ञान के अनुरूप ढालते हुए आयम्बिक पेंटामीटर (iambic pentameter) को मानकीकृत करने में सहायता की। ✔

(2) He replaced end-rhyme with internal rhyme to mimic sermon rhythm. / उन्होंने उपदेश की लय का अनुकरण करने के लिए अंत्यानुप्रास (end-rhyme) को आंतरिक तुक (internal rhyme) से प्रतिस्थापित किया।

(3) He introduced rhyme royal to English poetry, emulating experiments of the Pearl Poet. / उन्होंने पर्ल पोएट (Pearl Poet) के प्रयोगों का अनुकरण करते हुए अंग्रेज़ी कविता में राइम रॉयल (rhyme royal) का प्रारंभ किया।

(4) He abandoned continental syllabic metre in favour of Anglo-Saxon alliterative verse. / उन्होंने एंग्लो-सैक्सन अनुप्रासिक पद्य (alliterative verse) के पक्ष में महाद्वीपीय अक्षरात्मक छंद को त्याग दिया।

Q.110 In the line from John Milton's On His Blindness — 'And that one talent which is death to hide' — what does the 'talent' primarily mean in the biblical story Milton is referencing?

जॉन मिल्टन की On His Blindness की पंक्ति — 'And that one talent which is death to hide' — में, मिल्टन जिस बाइबिल कथा का संदर्भ दे रहे हैं, उसमें 'talent' का मुख्य अर्थ क्या है?

(1) A unit of money entrusted to servants, representing responsibility and stewardship. / सेवकों को सौंपी गई धन की एक इकाई, जो उत्तरदायित्व और संरक्षकता का प्रतिनिधित्व करती है। ✔

(2) A symbol of readiness and vigilance, like an oil lamp carried by bridesmaids. / तत्परता और सतर्कता का प्रतीक, जैसे वधू-सखियों द्वारा ले जाया जाने वाला तेल का दीपक।

(3) A physical skill or ability, emphasising human expertise and craftsmanship. / एक शारीरिक कौशल या क्षमता, जो मानवीय विशेषज्ञता और शिल्प-कौशल पर बल देती है।

(4) A seed scattered to represent spiritual growth and faith in God. / आध्यात्मिक विकास और ईश्वर में आस्था का प्रतिनिधित्व करने के लिए बिखेरा गया एक बीज।

Q.111 Read the following lines carefully and identify the poem from which they are taken.

Make me thy lyre, even as the forest is:
What if my leaves are falling like its own!

निम्नलिखित पंक्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस कविता की पहचान कीजिए जिससे ये ली गई हैं।

Make me thy lyre, even as the forest is:
What if my leaves are falling like its own!

(1) Samson Agonistes

(2) To a Skylark

(3) Ode to the West Wind ✔

(4) Hymn to Intellectual Beauty

Q.112 How does Marlowe's Dr. Faustus differ fundamentally from medieval morality plays like Everyman?

मार्लो का Dr. Faustus, Everyman जैसे मध्ययुगीन नैतिकता नाटकों (morality plays) से मूल रूप से किस प्रकार भिन्न है?

(1) It portrays the protagonist as a villain in making with each consecutive vice more severe than the previous, rather than a tragic hero. / यह नायक को एक त्रासद नायक के बजाय एक बनते हुए खलनायक के रूप में चित्रित करता है, जिसका प्रत्येक अगला दुर्गुण पिछले से अधिक गंभीर होता है।

(2) It emphasises salvation after rigorous punishment and tragedy rather than through God's inexhaustible mercy. / यह ईश्वर की अक्षय दया के माध्यम से मुक्ति के बजाय कठोर दंड और त्रासदी के बाद मुक्ति पर बल देता है।

(3) It denies comic reconciliation by concluding with the protagonist's damnation. / यह नायक के नरकदंड (damnation) के साथ समाप्त होकर हास्यपूर्ण सुलह को नकारता है। ✓

(4) It concludes with a moral victory through divine forgiveness despite all faults as Faustus emerges like the prodigal son. / यह सभी दोषों के बावजूद दैवी क्षमा के माध्यम से नैतिक विजय के साथ समाप्त होता है, क्योंकि फॉस्टस उड़ाऊ पुत्र (prodigal son) की भाँति उभरता है।

Q.113 How does Virginia Woolf's narrative approach in Mrs. Dalloway embody a Modernist challenge to Enlightenment rationalism and linear historicism?

Mrs. Dalloway में वर्जीनिया वुल्फ का कथा-दृष्टिकोण प्रबोधनकालीन तर्कवाद और रेखीय इतिहासवाद के प्रति आधुनिकतावादी चुनौती को किस प्रकार मूर्त रूप देता है?

(1) Through the use of circular narrative time and psychological interiority to question coherent subjectivity and objective history / सुसंगत आत्मपरकता और वस्तुनिष्ठ इतिहास पर प्रश्न उठाने के लिए वृत्ताकार कथा-समय और मनोवैज्ञानिक आंतरिकता के प्रयोग द्वारा ✓

(2) By presenting Clarissa Dalloway as a rational moral center whose decisions restore social order / क्लैरिसा डैलोवे को एक तर्कसंगत नैतिक केंद्र के रूप में प्रस्तुत करके, जिसके निर्णय सामाजिक व्यवस्था को पुनर्स्थापित करते हैं

(3) Through the omniscient narrator's authoritative voice, which guides readers toward a singular interpretation of post-war trauma / सर्वज्ञ कथावाचक की आधिकारिक आवाज़ के माध्यम से, जो पाठकों को युद्धोत्तर आघात की एकल व्याख्या की ओर ले जाती है

(4) By structuring the novel around political speeches and external events to emphasize empirical reality / अनुभवजन्य यथार्थ पर बल देने के लिए उपन्यास की संरचना राजनीतिक भाषणों और बाहरी घटनाओं के इर्द-गिर्द करके

Q.114 In Lycidas, how does Milton reconcile personal grief with broader theological and poetic concerns?

Lycidas में, मिल्टन व्यक्तिगत शोक का व्यापक धर्मशास्त्रीय और काव्यात्मक सरोकारों के साथ सामंजस्य किस प्रकार स्थापित करते हैं?

(1) By asserting that human suffering is meaningless in a universe governed by fate, not providence / यह दावा करके कि नियति द्वारा, न कि ईश्वरीय विधान द्वारा, शासित ब्रह्मांड में मानवीय पीड़ा अर्थहीन है

(2) By suggesting that poetic fame, rather than spiritual salvation, is the only true form of immortality / यह सुझाव देकर कि आध्यात्मिक मुक्ति के बजाय काव्यात्मक प्रसिद्धि ही अमरता का एकमात्र सच्चा रूप है

(3) By portraying nature as indifferent and ultimately triumphant over human sorrow / प्रकृति को उदासीन और अंततः मानवीय दुःख पर विजयी के रूप में चित्रित करके

(4) By using the pastoral elegy form to move from mourning an individual loss to affirming divine justice and eternal life / पैस्टोरल एलेजी (pastoral elegy) रूप का प्रयोग करके किसी व्यक्ति की क्षति के शोक से आगे बढ़कर दैवी न्याय और शाश्वत जीवन की पुष्टि तक पहुँचकर ✓

Q.115 What is the central theme of Percy Bysshe Shelley's poem "To a Skylark"?

पर्सी बिशी शेली की कविता "To a Skylark" का केंद्रीय विषय क्या है?

(1) The contrast between the bird's spontaneous joy and human limitations in expressing happiness / पक्षी के स्वतःस्फूर्त आनंद और प्रसन्नता को व्यक्त करने में मानवीय सीमाओं के बीच का विरोधाभास ✔

(2) The depiction of the skylark's migration as a metaphor for seasonal change and renewal / स्काईलार्क के प्रवास का ऋतु-परिवर्तन और नवीनीकरण के रूपक के रूप में चित्रण

(3) The exploration of the poets desire to transcend human limitations and attain the perfection perceptible in the sklark's beauty / मानवीय सीमाओं से परे जाने और स्काईलार्क के सौंदर्य में अनुभव होने वाली पूर्णता को प्राप्त करने की कवि की इच्छा का अन्वेषण

(4) The exploration of the bird's material existence and its harmony with the natural world / पक्षी के भौतिक अस्तित्व और प्राकृतिक जगत के साथ उसके सामंजस्य का अन्वेषण

Q.116 Match the poets with their respective poems:

Poets Poems

1. TS Eliot

a. Lady Lazarus

2. WB Yeats

b. Anthem for Doomed Youth

3. Sylvia Plath

c. Easter 1916

4. Wilfred Owen

d. Four Quartets

कवियों का उनकी संबंधित कविताओं से मिलान कीजिए:

कवि कविताएँ

1. TS Eliot

a. Lady Lazarus

2. WB Yeats

b. Anthem for Doomed Youth

3. Sylvia Plath

c. Easter 1916

4. Wilfred Owen

d. Four Quartets

(1) 1-d, 2-c, 3-a, 4-b ✔

(2) 1-b, 2-c, 3-a, 4-d

(3) 1-c, 2-d, 3-b, 4-a

(4) 1-d, 2-a, 3-c, 4-b

QuickSarkari.com | WhatsApp Channel | Telegram: t.me/quick_sarkari

Q.117 In Mrs. Dalloway, the character of Septimus serves as Clarissa's double. By presenting how their thoughts run parellel to one another, what effect does Virginia Woolf achieve?

Mrs. Dalloway में, सेप्टिमस का पात्र क्लैरिसा के प्रतिरूप (double) के रूप में कार्य करता है। उनके विचारों को एक-दूसरे के समानांतर चलते हुए प्रस्तुत करके वर्जीनिया वुल्फ कौन-सा प्रभाव उत्पन्न करती हैं?

(1) The boundary between sanity and insanity is blurred. / विवेक और पागलपन के बीच की सीमा धुंधली हो जाती है। ✔

(2) The sophisticated features of Clarissa's character is revealed. / क्लैरिसा के चरित्र की परिष्कृत विशेषताएँ प्रकट होती हैं।

(3) The moral and ethical choices that Clarissa makes are contrasted with the material lack in Septimus's life. / क्लैरिसा द्वारा लिए गए नैतिक और आचारिक निर्णयों की तुलना सेप्टिमस के जीवन के भौतिक अभाव से की जाती है।

(4) The emotional effects of socio-economic class is highlighted. / सामाजिक-आर्थिक वर्ग के भावनात्मक प्रभावों को उजागर किया जाता है।

Q.118 In The Faerie Queene, Edmund Spenser deploys the figure of the "Blatant Beast" to symbolise which complex moral and social idea?

The Faerie Queene में, एडमंड स्पेंसर "Blatant Beast" के पात्र का प्रयोग किस जटिल नैतिक और सामाजिक विचार के प्रतीक के रूप में करते हैं?

(1) The destructive power of slander and calumny in political and moral discourse / राजनीतिक और नैतिक विमर्श में निंदा और मिथ्यापवाद की विनाशकारी शक्ति ✔

(2) The temptation of false beauty and sensual excess / मिथ्या सौंदर्य और इंद्रिय-भोग की अति का प्रलोभन

(3) The corruption of the Catholic Church / कैथोलिक चर्च का भ्रष्टाचार

(4) The deceit of courtly love / दरबारी प्रेम (courtly love) का छल

Q.119 Which of the following poems is NOT written by PB Shelley?

निम्नलिखित में से कौन-सी कविता पी. बी. शेली द्वारा नहीं लिखी गई है?

(1) To a Skylark

(2) Ode to the West Wind

(3) Hymn to Intellectual Beauty

(4) Endymion ✔

Q.120 Which of the following lines is from Percy Bysshe Shelley's Ode to the West Wind?

निम्नलिखित में से कौन-सी पंक्ति पर्सी बिशी शेली की Ode to the West Wind से है?

(1) "If Winter comes, can Spring be far behind?" ✔

(2) "I wandered lonely as a cloud..."

(3) "My name is Ozymandias, king of kings..."

(4) "The world is too much with us; late and soon..."

Q.121 What does Spenser's emphasis on poetic expression outlasting physical beauty in "Amoretti" primarily reflect?

"Amoretti" में शारीरिक सौंदर्य से अधिक समय तक टिकी रहने वाली काव्य-अभिव्यक्ति पर स्पेंसर का बल मुख्य रूप से क्या दर्शाता है?

(1) A pastoral celebration of nature's cyclical patterns / प्रकृति के चक्रीय प्रतिरूपों का एक पैस्टोरल उत्सव

(2) The poet's desire to align with classical ideals of harmony / सामंजस्य के शास्त्रीय आदर्शों के अनुरूप होने की कवि की इच्छा

(3) **Renaissance humanist belief in the power of art to achieve immortality / अमरता प्राप्त करने की कला की शक्ति में पुनर्जागरणकालीन मानवतावादी विश्वास ✔**

(4) A satirical critique of social hierarchies in Elizabethan England / एलिज़ाबेथकालीन इंग्लैंड में सामाजिक पदानुक्रमों की एक व्यंग्यात्मक आलोचना

Q.122 Which rhetorical device does Donne frequently employ to express paradoxical ideas about love and faith?

प्रेम और आस्था के बारे में विरोधाभासी विचारों को व्यक्त करने के लिए डन (Donne) प्रायः किस आलंकारिक युक्ति का प्रयोग करते हैं?

(1) **Dramatic argument / नाटकीय तर्क (Dramatic argument) ✔**

(2) Allegorical personification / रूपकात्मक मानवीकरण (Allegorical personification)

(3) Pastoral imagery / पैस्टोरल बिंब (Pastoral imagery)

(4) Apostrophe / संबोधन (Apostrophe)

Q.123 How does Pope primarily use satire in "Epistle to Dr. Arbuthnot"?

पोप "Epistle to Dr. Arbuthnot" में व्यंग्य का प्रयोग मुख्य रूप से किस प्रकार करते हैं?

(1) Illustrate the moral superiority of society over the poet / कवि पर समाज की नैतिक श्रेष्ठता को दर्शाने के लिए

(2) Praise classical authors above modern writers / आधुनिक लेखकों से ऊपर शास्त्रीय लेखकों की प्रशंसा करने के लिए

(3) Focus solely on personal friendship without broader literary commentary / व्यापक साहित्यिक टिप्पणी के बिना केवल व्यक्तिगत मित्रता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए

(4) **Defend his own literary career while critiquing contemporary poets and critics / समकालीन कवियों और आलोचकों की आलोचना करते हुए अपने स्वयं के साहित्यिक जीवन का बचाव करने के लिए ✔**

Q.124 What does Spenser's juxtaposition of mortal decay and poetic endurance thematically suggest?

नश्वर क्षय और काव्यात्मक स्थायित्व की स्पेंसर द्वारा की गई तुलनात्मक प्रस्तुति (juxtaposition) विषयगत रूप से क्या सुझाती है?

(1) A critique of Elizabethan courtly conventions / एलिज़ाबेथकालीन दरबारी परंपराओं की आलोचना

(2) A satire of romantic pretensions / रोमानी आडंबरों पर व्यंग्य

(3) An emphasis on pastoral simplicity over urban sophistication / शहरी परिष्कार की तुलना में पैस्टोरल सरलता पर बल

(4) **The capacity of art to transcend temporal limitations / कला की कालगत सीमाओं से परे जाने की क्षमता ✔**

Q.125 Which overarching theme distinguishes Spenser's 'Amoretti' from many Petrarchan sonnet sequences?

कौन-सा व्यापक विषय स्पेंसर के 'Amoretti' को अनेक पेट्रार्कन सॉनेट शृंखलाओं से अलग करता है?

(1) **The progression from spiritual admiration to fulfilled love / आध्यात्मिक प्रशंसा से परिपूर्ण प्रेम तक की प्रगति ✔**

(2) The destructive nature of unrequited passion / एकतरफा प्रेम-भावना की विनाशकारी प्रकृति

(3) The moral corruption of the beloved / प्रिय का नैतिक पतन

(4) The glorification of courtly betrayal / दरबारी विश्वासघात का महिमामंडन

Q.126 In which year was Spenser's Amoretti first published?

स्पेंसर की Amoretti पहली बार किस वर्ष प्रकाशित हुई थी?

(1) 1595 ✔

(2) 1590

(3) 1580

(4) 1585

Q.127 Which of the following best explains how John Donne integrates the themes of physical love and spiritual faith in his poetry?

निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करता है कि जॉन डन अपनी कविता में शारीरिक प्रेम और आध्यात्मिक आस्था के विषयों को किस प्रकार एकीकृत करते हैं?

(1) By portraying romantic love as sinful and irreconcilable with divine devotion / रोमानी प्रेम को पापपूर्ण और दैवी भक्ति के साथ असंगत के रूप में चित्रित करके

(2) By separating sensual love from spiritual matters to maintain religious purity in his verse / अपने पद्य में धार्मिक शुद्धता बनाए रखने के लिए ऐंद्रिय प्रेम को आध्यात्मिक मामलों से अलग करके

(3) By emphasizing only the intellectual aspects of love while rejecting emotional experience / भावनात्मक अनुभव को अस्वीकार करते हुए केवल प्रेम के बौद्धिक पहलुओं पर बल देकर

(4) By suggesting that true physical love mirrors spiritual union and reflects divine harmony / यह सुझाव देकर कि सच्चा शारीरिक प्रेम आध्यात्मिक मिलन का प्रतिबिंब है और दैवी सामंजस्य को दर्शाता है ✔

Q.128 Pope repeatedly emphasizes a central theme in 'An Essay on Criticism': critics must follow "Nature." What does "Nature" primarily symbolize in the poem?

पोप 'An Essay on Criticism' में एक केंद्रीय विषय पर बार-बार बल देते हैं: आलोचकों को "Nature" का अनुसरण करना चाहिए। कविता में "Nature" मुख्य रूप से किसका प्रतीक है?

(1) The untamed wilderness of imagination / कल्पना का अनियंत्रित वन्य संसार

(2) The emotional instincts of the poet / कवि की भावनात्मक सहज प्रवृत्तियाँ

(3) The universal order reflected in classical rules / शास्त्रीय नियमों में प्रतिबिंबित सार्वभौमिक व्यवस्था ✔

(4) The individuality of the reader's taste / पाठक की रुचि की वैयक्तिकता

Q.129 What theme is expressed in Shelley's plea to "Drive my dead thoughts over the universe"?

शेली की "Drive my dead thoughts over the universe" की याचना में कौन-सा विषय व्यक्त होता है?

(1) Destruction / विनाश

(2) Impoverishment / दरिद्रता

(3) Renewal / नवीनीकरण ✔

(4) Extinction / विलुप्ति

Q.130 Who is the primary target of Pope's satirical attack in An Epistle to Dr. Arbuthnot?

An Epistle to Dr. Arbuthnot में पोप के व्यंग्यात्मक प्रहार का मुख्य लक्ष्य कौन है?

(1) Colley Cibber / कॉली सिबर (Colley Cibber) ✔

(2) Samuel Johnson / सैमुअल जॉनसन (Samuel Johnson)

(3) John Dryden / जॉन ड्राइडन (John Dryden)

(4) Edmund Spenser / एडमंड स्पेंसर (Edmund Spenser)

Q.131 Which among the following is not a feature of John Donne's poetry?

निम्नलिखित में से कौन-सी जॉन डन की कविता की विशेषता नहीं है?

(1) Unconventional imagery and metaphors / अपरंपरागत बिंब और रूपक

(2) Both witty and paradoxical / वाक्चातुर्यपूर्ण और विरोधाभासी दोनों

(3) Abrupt beginning / आकस्मिक आरंभ

(4) **Highly sophisticated and intellectual diction / अत्यधिक परिष्कृत और बौद्धिक शब्द-चयन ✔**

Q.132 In 'Amoretti', Edmund Spenser presents love as_____

'Amoretti' में, एडमंड स्पेंसर प्रेम को _____ के रूप में प्रस्तुत करते हैं।

(1) **A spiritual and moral journey leading to divine harmony through marriage / विवाह के माध्यम से दैवी सामंजस्य की ओर ले जाने वाली एक आध्यात्मिक और नैतिक यात्रा ✔**

(2) A rebellion against social and religious conventions of Elizabethan England / एलिज़ाबेथकालीन इंग्लैंड की सामाजिक और धार्मिक परंपराओं के विरुद्ध एक विद्रोह

(3) An illusion created by desire and imagination / इच्छा और कल्पना द्वारा निर्मित एक भ्रम

(4) A fleeting passion that brings inevitable sorrow / एक क्षणिक आवेग जो अनिवार्य रूप से दुःख लाता है

Q.133 In Amoretti Sonnet 75 ("One day I wrote her name upon the strand"), what does the speaker suggest about poetry?

Amoretti के सॉनेट 75 ("One day I wrote her name upon the strand") में, वक्ता कविता के बारे में क्या सुझाव देता है?

(1) That it is futile in the face of mortality / कि नश्वरता के सामने यह व्यर्थ है

(2) **That it can immortalise human love and beauty / कि यह मानवीय प्रेम और सौंदर्य को अमर बना सकती है ✔**

(3) That it fails to represent real emotion / कि यह वास्तविक भावना को प्रस्तुत करने में विफल रहती है

(4) That it should be written only for divine subjects / कि इसे केवल दैवी विषयों के लिए लिखा जाना चाहिए

Q.134 Which poem by Donne explores repentance through violent spiritual imagery?

डन की कौन-सी कविता उग्र आध्यात्मिक बिंबों के माध्यम से पश्चाताप का अन्वेषण करती है?

(1) **Batter My Heart ✔**

(2) The Flea

(3) The Canonization

(4) The Good-Morrow

Q.135 Which of the following options best reflects how Spenser's Amoretti departs from the conventions of Petrarchan love poetry?

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है कि स्पेंसर की Amoretti पेट्रार्कन प्रेम-काव्य की परंपराओं से किस प्रकार भिन्न है?

(1) **It presents love as a spiritual journey toward marriage, emphasizing virtue and constancy. / यह सद्गुण और दृढ़ता पर बल देते हुए प्रेम को विवाह की ओर एक आध्यात्मिक यात्रा के रूप में प्रस्तुत करती है। ✔**

(2) It portrays the beloved as a distant, cruel muse who remains indifferent to the speaker's devotion. / यह प्रिय को एक दूरस्थ, निष्ठुर प्रेरणा (muse) के रूप में चित्रित करती है जो वक्ता की भक्ति के प्रति उदासीन रहती है।

(3) It focuses on unrequited passion and unattainable beauty, reinforcing the pain of idealized love. / यह आदर्शीकृत प्रेम की पीड़ा को सुदृढ़ करते हुए एकतरफा प्रेम-भावना और अप्राप्य सौंदर्य पर ध्यान केंद्रित करती है।

(4) It glorifies fleeting desire and the lover's suffering as noble signs of emotional depth. / यह क्षणिक इच्छा और प्रेमी की पीड़ा को भावनात्मक गहराई के उदात्त चिह्नों के रूप में महिमामंडित करती है।

Q.136 Which of the following stylistic features best characterize “Epistle to Dr. Arbuthnot”?

निम्नलिखित में से कौन-सी शैलीगत विशेषताएँ “Epistle to Dr. Arbuthnot” की सर्वोत्तम विशेषता बताती हैं?

(1) Dramatic monologue and free verse / नाटकीय एकालाप (Dramatic monologue) और मुक्त छंद (free verse)

(2) Use of heroic couplets and sharp satirical tone / हीरोइक कप्लेट्स (heroic couplets) का प्रयोग और तीक्ष्ण व्यंग्यात्मक स्वर ✔

(3) Blank verse and pastoral imagery / अतुकांत छंद (Blank verse) और पैस्टोरल बिंब

(4) Lyrical meditation with irregular stanzas / अनियमित छंदों (stanzas) के साथ गीतात्मक चिंतन

Q.137 Which poetic technique dominates Pope’s 'An Epistle to Dr. Arbuthnot', shaping both its rhythm and satirical tone?

पोप की 'An Epistle to Dr. Arbuthnot' में कौन-सी काव्य तकनीक प्रमुख है, जो इसकी लय और व्यंग्यात्मक स्वर दोनों को आकार देती है?

(1) Ottava rima / ओटावा रीमा (Ottava rima)

(2) Blank verse / अतुकांत छंद (Blank verse)

(3) Heroic couplets / हीरोइक कप्लेट्स (Heroic couplets) ✔

(4) Free verse / मुक्त छंद (Free verse)

Q.138 In 'The Canonization', what is the speaker’s primary argument regarding his love?

'The Canonization' में, अपने प्रेम के संबंध में वक्ता का मुख्य तर्क क्या है?

(1) It should be celebrated and revered like sainthood / इसका संत-पद की भाँति उत्सव मनाया जाना और आदर किया जाना चाहिए ✔

(2) It prevents him from achieving spiritual salvation / यह उसे आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त करने से रोकता है

(3) It is destructive and sinful / यह विनाशकारी और पापपूर्ण है

(4) It should remain hidden for fear of social shame / सामाजिक लज्जा के भय से इसे छिपा रहना चाहिए

Q.139 Which of the following poetic techniques are employed by Alexander Pope in Epistle to Dr. Arbuthnot?

A. Use of antithesis and balance to create moral contrast

B. Employment of mock-heroic diction to ridicule vanity and vice

C. Frequent enjambment and free verse to mimic conversational tone

D. Use of classical allusions and personification to heighten satire

एलेक्ज़ेंडर पोप द्वारा Epistle to Dr. Arbuthnot में निम्नलिखित में से कौन-सी काव्य तकनीकों का प्रयोग किया गया है?

A. नैतिक विरोधाभास उत्पन्न करने के लिए प्रतिवाद (antithesis) और संतुलन का प्रयोग

B. दंभ और दुर्गुण का उपहास करने के लिए मॉक-हीरोइक (mock-heroic) शब्दावली का प्रयोग

C. वार्तालाप के स्वर का अनुकरण करने के लिए बार-बार पंक्ति-प्रवाह (enjambment) और मुक्त छंद का प्रयोग

D. व्यंग्य को तीव्र करने के लिए शास्त्रीय संकेतों (allusions) और मानवीकरण का प्रयोग

(1) Only A and D are correct / केवल A और D सही हैं

(2) Only A and C are correct / केवल A और C सही हैं

(3) Only B, C, and D are correct / केवल B, C और D सही हैं

(4) Only A, B, and D are correct / केवल A, B और D सही हैं ✔

Q.140 In Amoretti Sonnet 75 'One day I wrote her name upon the strand', what does the poet claim his verse will achieve?

Amoretti के सॉनेट 75 'One day I wrote her name upon the strand' में, कवि दावा करता है कि उसका पद्य क्या प्राप्त करेगा?

(1) Express his unending despair / उसकी अंतहीन निराशा को व्यक्त करना

(2) Denounce worldly achievements and vanity / सांसारिक उपलब्धियों और दंभ की निंदा करना

(3) Immortalise his beloved's name / उसकी प्रिया के नाम को अमर बनाना ✓

(4) Mourn lost innocence / खोई हुई मासूमियत का शोक मनाना

Q.141 Which of the following best defines the intellectual method of metaphysical poets?

निम्नलिखित में से कौन-सा तत्वमीमांसक कवियों (metaphysical poets) की बौद्धिक पद्धति को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?

(1) Describing romantic love using pastoral imagery / पैस्टोरल बिंबों का प्रयोग करके रोमानी प्रेम का वर्णन करना

(2) Narrating personal confession in plain language / सरल भाषा में व्यक्तिगत स्वीकारोक्ति का वर्णन करना

(3) Employing detached objectivity without personal involvement / व्यक्तिगत संलग्नता के बिना तटस्थ वस्तुनिष्ठता का प्रयोग करना

(4) Reasoning through paradox and complex analogies / विरोधाभास और जटिल सादृश्यों के माध्यम से तर्क करना ✓

Q.142 Which of Donne's poems begins with the line, "Batter my heart, three-person'd God"?

डन की कौन-सी कविता "Batter my heart, three-person'd God" पंक्ति से आरंभ होती है?

(1) The Sun Rising

(2) The Canonization

(3) The Ecstasy

(4) Holy Sonnet XIV ✓

Q.143 In The Ecstasy, Donne describes true love as which of the following?

The Ecstasy में, डन सच्चे प्रेम का वर्णन निम्नलिखित में से किस रूप में करते हैं?

(1) A spiritual union of souls / आत्माओं का एक आध्यात्मिक मिलन ✓

(2) Rejection of worldly affairs / सांसारिक मामलों का त्याग

(3) Purely physical passion / विशुद्ध शारीरिक आवेग

(4) An abandonment of reason for desire / इच्छा के लिए विवेक का परित्याग

Q.144 The line "A thing of beauty is a joy forever" is from which Keats poem?

पंक्ति "A thing of beauty is a joy forever" कीट्स की किस कविता से है?

(1) Ode on a Grecian Urn

(2) La Belle Dame Sans Merci

(3) Endymion ✓

(4) To Autumn

Q.145 The line "Season of mists and mellow fruitfulness" appears in which poem?

पंक्ति "Season of mists and mellow fruitfulness" किस कविता में आती है?

(1) Ode to Autumn ✓

(2) Endymion

(3) Ode to a Nightingale

(4) La Belle Dame Sans Merci

Q.146 How does John Donne frequently use paradox in his love and faith poems?

जॉन डन अपनी प्रेम और आस्था संबंधी कविताओं में विरोधाभास (paradox) का प्रयोग प्रायः किस प्रकार करते हैं?

(1) To create humorous effects / हास्यपूर्ण प्रभाव उत्पन्न करने के लिए

(2) **To contrast earthly and spiritual love, revealing deeper truths / गहरे सत्यों को प्रकट करते हुए सांसारिक और आध्यात्मिक प्रेम की तुलना करने के लिए ✔**

(3) To confuse the reader deliberately / पाठक को जानबूझकर भ्रमित करने के लिए

(4) To mimic classical epic poetry / शास्त्रीय महाकाव्य कविता का अनुकरण करने के लिए

Q.147 According to Pope, what is the gravest danger to literature arising from poor criticism as discussed in An Essay on Criticism?

An Essay on Criticism में चर्चा के अनुसार, पोप के अनुसार निम्न-स्तरीय आलोचना से साहित्य के लिए उत्पन्न होने वाला सबसे गंभीर खतरा क्या है?

(1) The suppression of poetic individuality by rigid adherence to established norms / स्थापित मानदंडों के कठोर पालन द्वारा काव्यात्मक वैयक्तिकता का दमन

(2) The overvaluation of imagination as the sole criterion for literary creativity / साहित्यिक सृजनात्मकता के एकमात्र मानदंड के रूप में कल्पना का अति-मूल्यांकन

(3) The aesthetic decline caused by excessive imitation of classical forms / शास्त्रीय रूपों के अत्यधिक अनुकरण के कारण होने वाला सौंदर्यात्मक पतन

(4) **The distortion of public taste and literary judgment through misguided authority / पथभ्रष्ट प्राधिकार के माध्यम से सार्वजनिक रुचि और साहित्यिक निर्णय की विकृति ✔**

Q.148 What is the primary purpose of metaphysical conceits in metaphysical poetry?

तत्वमीमांसक कविता में तत्वमीमांसक कल्पनाओं (metaphysical conceits) का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(1) To follow classical poetic rules by using familiar and conventional comparisons / परिचित और पारंपरिक तुलनाओं का प्रयोग करके शास्त्रीय काव्य नियमों का पालन करना

(2) To avoid abstract ideas by focusing solely on physical and sensory details / केवल भौतिक और ऐंद्रिय विवरणों पर ध्यान केंद्रित करके अमूर्त विचारों से बचना

(3) **To combine unusual ideas into complex metaphors that challenge traditional thinking / असामान्य विचारों को ऐसे जटिल रूपकों में संयोजित करना जो पारंपरिक चिंतन को चुनौती देते हैं ✔**

(4) To simplify emotions by using everyday images and straightforward language / रोज़मर्रा के बिंबों और सीधी-सादी भाषा का प्रयोग करके भावनाओं को सरल बनाना

Q.149 In which poem by Keats do the lines 'A thing of beauty is a joy for ever' appear?

कीट्स की किस कविता में 'A thing of beauty is a joy for ever' पंक्तियाँ आती हैं?

(1) Sleep and Poetry

(2) **Endymion ✔**

(3) Ode on a Grecian Urn

(4) Hyperion

Q.150 Which of the following best characterises Pope's approach in the "Epistle to Dr Arbuthnot"?

निम्नलिखित में से कौन-सा "Epistle to Dr Arbuthnot" में पोप के दृष्टिकोण की सर्वोत्तम विशेषता बताता है?

(1) A straightforward moral treatise without stylistic complexity / शैलीगत जटिलता के बिना एक सीधा-सादा नैतिक ग्रंथ

(2) A pastoral meditation emphasising natural beauty / प्राकृतिक सौंदर्य पर बल देने वाला एक पैस्टोरल चिंतन

(3) **A blend of personal reflection, literary criticism, and satirical wit / व्यक्तिगत चिंतन, साहित्यिक आलोचना और व्यंग्यात्मक वाक्चातुर्य का मिश्रण ✔**

(4) A narrative poem celebrating historical events / ऐतिहासिक घटनाओं का उत्सव मनाने वाली एक कथात्मक कविता

Q.151 The phrase “A thing of beauty is a joy forever” opens which poem?

वाक्यांश “A thing of beauty is a joy forever” किस कविता का आरंभ करता है?

(1) Endymion ✔

(2) Lamia

(3) Hyperion

(4) To Autumn

Q.152 Which of the following poems contains the line 'Beauty is truth, truth beauty,—that is all ye know on earth, and all ye need to know'?

निम्नलिखित में से किस कविता में 'Beauty is truth, truth beauty,—that is all ye know on earth, and all ye need to know' पंक्ति है?

(1) Ode on Melancholy

(2) Ode on a Grecian Urn ✔

(3) Hyperion

(4) Ode to a Nightingale

Q.153 Match the following Romantic poets with their correct poems.

Column A – Poets

Column B – Poems

1. William Wordsworth

A. Ode to the West Wind

2. Samuel Taylor Coleridge

B. Kubla Khan

3. Percy Bysshe Shelley

C. Ode on a Grecian Urn

4. John Keats

D. Lines Composed a Few Miles ab

निम्नलिखित रोमांटिक कवियों का उनकी सही कविताओं से मिलान कीजिए।

स्तंभ A – कवि

स्तंभ B – कविताएँ

1. William Wordsworth

A. Ode to the West Wind

2. Samuel Taylor Coleridge

B. Kubla Khan

3. Percy Bysshe Shelley

C. Ode on a Grecian Urn

4. John Keats

D. Lines Composed a Few Miles ab

(1) 1-D, 2-A, 3-B, 4-C

(2) 1-D, 2-B, 3-A, 4-C ✔

(3) 1-C, 2-B, 3-A, 4-D

(4) 1-B, 2-D, 3-C, 4-A

Q.154 In what way did the Romantic poets perceive their role in society?

रोमांटिक कवि समाज में अपनी भूमिका को किस रूप में देखते थे?

(1) As moralists devoted to instructing the reader through polished satire / परिष्कृत व्यंग्य के माध्यम से पाठक को शिक्षा देने के लिए समर्पित नीतिवादियों के रूप में

(2) As prophetic visionaries guided by imagination and emotion / कल्पना और भावना द्वारा निर्देशित भविष्यद्रष्टा स्वप्नदर्शियों के रूप में ✔

(3) As scholars dedicated to preserving classical decorum / शास्त्रीय मर्यादा के संरक्षण के लिए समर्पित विद्वानों के रूप में

(4) As intellectuals devoted to rational order / तार्किक व्यवस्था के प्रति समर्पित बुद्धिजीवियों के रूप में

Q.155 In Doctor Faustus, Marlowe explores how unrestrained intellectual ambition can become self-destructive. Which of the following best reflects the theme that knowledge without moral checks may lead to a fatal "wrong turn"?

Doctor Faustus में, मार्लो यह अन्वेषण करते हैं कि अनियंत्रित बौद्धिक महत्वाकांक्षा किस प्रकार आत्म-विनाशकारी बन सकती है। निम्नलिखित में से कौन-सा इस विषय को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है कि नैतिक नियंत्रण के बिना ज्ञान एक घातक "गलत मोड़" की ओर ले जा सकता है?

(1) Faustus's downfall is caused not by his choices but by the predestined will of God, making moral agency irrelevant. / फॉस्टस का पतन उसके निर्णयों के कारण नहीं, बल्कि ईश्वर की पूर्वनिर्धारित इच्छा के कारण होता है, जिससे नैतिक कर्तृत्व अप्रासंगिक हो जाता है।

(2) Knowledge in the play is portrayed as entirely redemptive, freeing humankind from superstition and sin / नाटक में ज्ञान को पूर्णतः मुक्तिदायक के रूप में चित्रित किया गया है, जो मानवजाति को अंधविश्वास और पाप से मुक्त करता है

(3) Faustus's pursuit of forbidden knowledge results in hollow gains and spiritual emptiness, illustrating that intellect without ethics leads to damnation. / फॉस्टस की निषिद्ध ज्ञान की खोज का परिणाम खोखले लाभ और आध्यात्मिक शून्यता होता है, जो यह दर्शाता है कि नैतिकता के बिना बुद्धि नरकदंड की ओर ले जाती है। ✔

(4) The play glorifies human intellect as the ultimate path to transcendence beyond divine authority. / नाटक मानवीय बुद्धि को दैवी सत्ता से परे अतिक्रमण के अंतिम मार्ग के रूप में महिमामंडित करता है।

Q.156 Which line reflects Keats's meditation on immortality in Ode to a Nightingale?

कौन-सी पंक्ति Ode to a Nightingale में अमरता पर कीट्स के चिंतन को दर्शाती है?

(1) Bright star, would I were steadfast as thou art.

(2) A thing of beauty is a joy for ever.

(3) Thou wast not born for death, immortal Bird! ✔

(4) Beauty is truth, truth beauty,—that is all.

Q.157 Which Keats poem ends with the famous line: "Beauty is truth, truth beauty,—that is all / Ye know on earth, and all ye need to know"?

कीट्स की कौन-सी कविता इस प्रसिद्ध पंक्ति के साथ समाप्त होती है: "Beauty is truth, truth beauty,—that is all / Ye know on earth, and all ye need to know"?

(1) Ode on a Grecian Urn ✔

(2) Ode to a Nightingale

(3) La Belle Dame sans Merci

(4) To Autumn

Q.158 Which of the following writers is satirised in An Epistle to Dr. Arbuthnot as 'Sporus'?

An Epistle to Dr. Arbuthnot में निम्नलिखित में से किस लेखक पर 'Sporus' के रूप में व्यंग्य किया गया है?

(1) Joseph Addison / जोसेफ एडिसन (Joseph Addison)

(2) **Lord Hervey / लॉर्ड हर्वे (Lord Hervey) ✔**

(3) Richard Steele / रिचर्ड स्टील (Richard Steele)

(4) Jonathan Swift / जोनाथन स्विफ्ट (Jonathan Swift)

Q.159 Identify the title of the poem that contains the line "Beauty is truth, truth beauty, — that is all..." reflecting on art and permanence.

उस कविता के शीर्षक की पहचान कीजिए जिसमें कला और स्थायित्व पर चिंतन करती हुई पंक्ति "Beauty is truth, truth beauty, — that is all..." है।

(1) La Belle Dame sans Merci

(2) Ode to a Nightingale

(3) Endymion

(4) **Ode on a Grecian Urn ✔**

Q.160 In A Valediction: Of Weeping, what theme is highlighted by the imagery of tears shaping the world?

A Valediction: Of Weeping में, संसार को आकार देते आँसुओं के बिंब द्वारा कौन-सा विषय उजागर किया गया है?

(1) **Love's influence on cosmic order / ब्रह्मांडीय व्यवस्था पर प्रेम का प्रभाव ✔**

(2) The superiority of reason over emotion / भावना पर तर्क की श्रेष्ठता

(3) The destructive nature of romantic grief / रोमानी शोक की विनाशकारी प्रकृति

(4) Love as a barrier to emotional maturity / भावनात्मक परिपक्वता में बाधा के रूप में प्रेम

Q.161 Which concept best summarizes the trajectory of Pip's character arc in Great Expectations?

Great Expectations में पिप के चरित्र-विकास की दिशा को कौन-सी अवधारणा सर्वोत्तम रूप से सारांशित करती है?

(1) **A complex Bildungsroman that critiques materialism through moral and psychological growth. / एक जटिल बिल्डुंग्सरोमान (Bildungsroman) जो नैतिक और मनोवैज्ञानिक विकास के माध्यम से भौतिकवाद की आलोचना करता है। ✔**

(2) A static character study emphasizing class determinism and fate. / वर्ग-नियतिवाद और भाग्य पर बल देने वाला एक स्थिर चरित्र-अध्ययन।

(3) A romantic hero's journey focused on external conflict and conquest. / बाहरी संघर्ष और विजय पर केंद्रित एक रोमानी नायक की यात्रा।

(4) A simple tale of social mobility without critical examination of values. / मूल्यों की आलोचनात्मक जाँच के बिना सामाजिक गतिशीलता की एक सरल कथा।

Q.162 Charles Dickens' Great Expectations offers a masterclass in character development. Which of the following is/are correct based on the key characters in the Great Expectations?
1. Pip (Philip Pirrip): From Innocence to Insight
2. Estella Havisham: Beauty Shaped by Bitterness
3. Abel Magwitch (Provis): The Unexpected Benefactor

चार्ल्स डिकेंस का Great Expectations चरित्र-विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। Great Expectations के प्रमुख पात्रों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं?
1. पिप (फिलिप पिरिप): मासूमियत से अंतर्दृष्टि तक
2. एस्टेला हविशम: कटुता द्वारा आकार दिया गया सौंदर्य
3. एबेल मैगविच (प्रोविस): अप्रत्याशित उपकारकर्ता

(1) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3 ✔
(2) 1 only / केवल 1
(3) 2 only / केवल 2
(4) 3 only / केवल 3

Q.163 Identify the correct pair of play and character.

नाटक और पात्र के सही युग्म की पहचान कीजिए।

(1) Othello: Olivia
(2) Hamlet: Rosalind
(3) As You Like It: Cordelia
(4) The Tempest: Miranda ✔

Q.164 Which of the following forms of social hypocrisy does Shaw attack through Eliza's transformation in Pygmalion?

Pygmalion में एलिज़ा के रूपांतरण के माध्यम से शॉ निम्नलिखित में से किस प्रकार के सामाजिक पाखंड पर प्रहार करते हैं?

(1) Class identity built on accent and etiquette / उच्चारण और शिष्टाचार पर आधारित वर्ग-पहचान ✔
(2) Religious morality imposed on working women / कामकाजी महिलाओं पर थोपी गई धार्मिक नैतिकता
(3) Political corruption among the upper classes / उच्च वर्गों में राजनीतिक भ्रष्टाचार
(4) Material greed hidden under social charity / सामाजिक परोपकार की आड़ में छिपा भौतिक लालच

Q.165 Match the characters given in column A with the plays in which they appear given in column B.
Column A
Column B
A. Macbeth
1. Alonso
B. Hamlet
2. Rosalind
C. As You Like It
3. Laertes
D. The Tempest
4. Fleance

स्तंभ A में दिए गए पात्रों का स्तंभ B में दिए गए उन नाटकों से मिलान कीजिए जिनमें वे आते हैं।
स्तंभ A
स्तंभ B
A. Macbeth
1. Alonso
B. Hamlet
2. Rosalind
C. As You Like It
3. Laertes
D. The Tempest
4. Fleance

(1) A-2, B-4, C-1, D-3
(2) A-1, B-3, C-4, D-2
(3) **A-4, B-3, C-2, D-1 ✔**
(4) A-3, B-1, C-2, D-4

Q.166 How does Pip's character evolve in Great Expectations?
Great Expectations में पिप का चरित्र किस प्रकार विकसित होता है?

(1) **From arrogance to humility / अहंकार से विनम्रता की ओर ✔**
(2) From wealth to crime / धन से अपराध की ओर
(3) From isolation to revenge / एकाकीपन से प्रतिशोध की ओर
(4) From loyalty to betrayal / निष्ठा से विश्वासघात की ओर

Q.167 Which theme in Doctor Faustus is most centrally reinforced by Faustus' repeated refusal to repent, despite multiple opportunities for salvation?
मुक्ति के अनेक अवसरों के बावजूद फॉस्टस द्वारा बार-बार पश्चाताप करने से इनकार करने से Doctor Faustus का कौन-सा विषय सबसे अधिक केंद्रीय रूप से सुदृढ़ होता है?

(1) **The tragic consequences of misguided human ambition and free will / पथभ्रष्ट मानवीय महत्वाकांक्षा और स्वतंत्र इच्छा के त्रासद परिणाम ✔**
(2) The triumph of predestination over earthly desire / सांसारिक इच्छा पर पूर्वनियति की विजय
(3) The inevitability of damnation for those who defy religious authority / धार्मिक सत्ता की अवहेलना करने वालों के लिए नरकदंड की अनिवार्यता
(4) The superficiality of knowledge in Renaissance society / पुनर्जागरणकालीन समाज में ज्ञान की सतहीपन

Q.168 Which theme best represents the central conflict of Doctor Faustus?

कौन-सा विषय Doctor Faustus के केंद्रीय संघर्ष का सर्वोत्तम प्रतिनिधित्व करता है?

(1) The conflict between Catholic and Protestant ideals of salvation / मुक्ति के कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट आदर्शों के बीच संघर्ष

(2) The conflict between scientific discovery and theological dogma in early modern Europe / प्रारंभिक आधुनिक यूरोप में वैज्ञानिक खोज और धार्मिक रूढ़िवाद के बीच संघर्ष

(3) The conflict between psychological opposition between pride and humility in feudal loyalty / सामंती निष्ठा में अहंकार और विनम्रता के बीच मनोवैज्ञानिक विरोध के बीच संघर्ष

(4) The conflict between human aspirations for boundless knowledge and divine prohibition / असीम ज्ञान की मानवीय आकांक्षाओं और दैवी निषेध के बीच संघर्ष ✔

Q.169 Which character represents unconditional loyalty and moral integrity in 'Great Expectations' by Dickens?

डिकेंस के 'Great Expectations' में कौन-सा पात्र बिना शर्त निष्ठा और नैतिक सत्यनिष्ठा का प्रतिनिधित्व करता है?

(1) Miss Havisham / मिस हविशम (Miss Havisham)

(2) Joe Gargery / जो गार्जरी (Joe Gargery) ✔

(3) Estella / एस्टेला (Estella)

(4) Bentley Drummle / बेंटली ड्रमल (Bentley Drummle)

Q.170 How does Austen critique gender roles in 'Pride and Prejudice'?

ऑस्टेन 'Pride and Prejudice' में लैंगिक भूमिकाओं की आलोचना किस प्रकार करती हैं?

(1) By highlighting women's dependence on marriage for social security / सामाजिक सुरक्षा के लिए महिलाओं की विवाह पर निर्भरता को उजागर करके ✔

(2) By emphasizing women's religious authority / महिलाओं के धार्मिक प्राधिकार पर बल देकर

(3) By focusing on women's education and career choices / महिलाओं की शिक्षा और करियर विकल्पों पर ध्यान केंद्रित करके

(4) By portraying women as rulers and politicians / महिलाओं को शासकों और राजनेताओं के रूप में चित्रित करके

Q.171 Who is the devil that Faustus summons with his magical experiments in Marlowe's Dr. Faustus?

मार्लो के Dr. Faustus में फॉस्टस अपने जादुई प्रयोगों द्वारा किस शैतान का आह्वान करता है?

(1) Bad Angel / बैड एंजेल (Bad Angel)

(2) Mephastophilis / मेफास्टोफिलिस (Mephastophilis) ✔

(3) Lucifer / लूसिफ़र (Lucifer)

(4) Beelzebub / बील्ज़ेबब (Beelzebub)

Q.172 Comparing Becket's final acceptance of martyrdom to Christian saints historically, what key theological insight does Eliot stress?

बेकेट द्वारा शहादत की अंतिम स्वीकृति की ऐतिहासिक ईसाई संतों से तुलना करते हुए, एलियट किस प्रमुख धर्मशास्त्रीय अंतर्दृष्टि पर बल देते हैं?

(1) Eliot's Becket achieves martyrdom only when purged of all selfish ambition, aligning his sacrifice exclusively with God's inscrutable divine will / एलियट का बेकेट सभी स्वार्थी महत्वाकांक्षाओं से शुद्ध होने पर ही शहादत प्राप्त करता है, और अपने बलिदान को पूर्णतः ईश्वर की अगम्य दैवी इच्छा के अनुरूप कर देता है ✔

(2) Becket rejects the possibility of spiritual peace or divine grace through martyrdom, emphasizing earthly suffering as the primary theme / बेकेट शहादत के माध्यम से आध्यात्मिक शांति या दैवी कृपा की संभावना को अस्वीकार करता है, और सांसारिक पीड़ा को मुख्य विषय के रूप में महत्व देता है

(3) Becket seeks martyrdom for Christian glory and public recognition, aligning with longstanding medieval saintly tradition and collective worship practices / बेकेट दीर्घकालीन मध्ययुगीन संत परंपरा और सामूहिक उपासना पद्धतियों के अनुरूप, ईसाई गौरव और सार्वजनिक मान्यता के लिए शहादत चाहता है

(4) Medieval saints and Becket both act solely for political gain and worldly motives, minimizing the spiritual significance of their sacrifices / मध्ययुगीन संत और बेकेट दोनों केवल राजनीतिक लाभ और सांसारिक उद्देश्यों के लिए कार्य करते हैं, जिससे उनके बलिदानों का आध्यात्मिक महत्व न्यूनतम हो जाता है

Q.173 What does E. M. Forster's A Passage to India primarily emphasise?

ई. एम. फ़ॉर्स्टर का A Passage to India मुख्य रूप से किस पर बल देता है?

(1) The class and caste hierarchies prevalent among Indians. / भारतीयों में प्रचलित वर्ग और जाति पदानुक्रम।

